मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 218 ■ सोमवार 24 नवंबर 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**नेहा कक्कड़ का एयरपोर्ट लुक देख चकराए लोग**

# शहाड ब्रिज का 'डबल उद्घाटन' तमाशा


## शहाड ब्रिज की तरह शहर की खराब सड़कों का भी श्रेय ले नेता

- जल्दबाजी में किया उद्घाटन
- BJP और शिवसेना के बीच श्रेय लेने की होड़
- 20 दिनों से मरम्मत हेतु ब्रिज बंद
- 24 नवंबर सुबह 11 बजे यातायात के लिए खुलेगा ब्रिज









**उल्हासनगर.** राष्ट्रीय महामार्ग क्र. 222 उल्हासनगर-1 स्थित शहाड रेलवे फ्लाईओवर जिसे उल्हासनगर-कल्याण को जोड़ता है वो पिछले 23 दिनों से मरम्मत के लिए बंद रखा गया था वो बनकर तैयार है उसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। लेकिन इस ब्रिज का श्रेय लेने के चक्कर में एक ही दिन में दो बार इसके उद्घाटन से पैदा हुआ पॉलिटिकल गतिरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। फ्लाईओवर का उद्घाटन कौन करेगा, इस पर राज्य सरकार की महायुति के दोनों पक्षों के बीच ही 'रोमांचक पॉलिटिक्स' चल रही है। वहीं शहर में यह भी चर्चा चल रही है कि शहर की खस्ता हालत सड़कों का श्रेय भी राज्य सरकार की महायुति सरकार के नेताओं को ही लेना चाहिए। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि चुनाव के चलते दोनों आपस में खुलेआम भीड़ रहे हैं जबकि यह लड़ाई खस्ता हालत सड़कों के लिए होनी चाहिए।

ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से पुल की हालत खस्ता थी और इसे मरम्मत की सख्त जरूरत थी। राज्य सरकार के प्रयास से शहाड फ्लाईओवर आखिरकार आम आदमी के लिए बनकर तैयार हो गया है, लेकिन ब्रिज के उद्घाटन से और कन्फ्यूजन पैदा हो गया है। BJP और शिवसेना/TOK के बीच राजनीति गर्मा गई है। इसका श्रेय लेने के लिए दोनों में होड़ मची हुई है। शहाड फ्लाईओवर का उद्घाटन समारोह सोमवार सुबह, 24 नवंबर को तय था। लेकिन, BJP ने अचानक रविवार दोपहर को शहाड फ्लाईओवर के उद्घाटन का ऐलान किया और रिबन काटकर इसका उद्घाटन भी कर दिया। कुछ ही घंटों में शिवसेना/TOK ग्रुप ने भी नारियल फोड़कर अपना उद्घाटन समारोह कर दिया। एक ही पुल का दो बार उद्घाटन होते देख, वहां के लोग भी कन्फ्यूज हो गए कि 'ऑफिशियल' समारोह कौन सा था। इसमें कोई शक नहीं कि शहाड फ्लाईओवर से ट्रैफिक में राहत मिलेगी। लेकिन फिलहाल, क्रेडिट के लिए पुल पर 'पॉलिटिकल ट्रैफिक जाम' लगा हुआ है। आने वाले चुनावों के बैकग्राउंड में, यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पुल पर पॉलिटिकल पार्टियों द्वारा शुरू की गई पॉलिटिक्स कितनी रफ्तार पकड़ती है।

### क्रेडिट पॉलिटिक्स या डेवलपमेंट का समारोह?

कई रुकावटों को पार करने के बाद इस पुल के बनने में कई बार देरी हुई। लेकिन, काम पूरा होने के बाद ऐसा लगता है कि पॉलिटिकल पार्टियों के बीच लोगों को सुविधाएं देने से ज़्यादा पॉलिटिकल क्रेडिट लेने की होड़ है।

### "हमारे प्रोग्राम तय करने के बाद BJP की जल्दबाजी - राजेंद्र चौधरी

शिंदे ग्रुप के नेता राजेंद्र चौधरी ने BJP की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा, "जैसे ही पता चला कि हम इसका उद्घाटन करने वाले हैं, BJP ने जल्दबाजी में पुल का उद्घाटन कर दिया। यह जनता को गुमराह करने का एक तरीका है। इससे पता चलता है कि BJP क्रेडिट लेने के लिए किस लेवल तक जाएगी।" चौधरी के इस बयान से माहौल और गरमा गया है और दोनों ग्रुप के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

### आज सुबह तीसरा उद्घाटन MLA आयलानी करेंगे

इस सारे हंगामे के बावजूद, खबर है कि एक और 'ऑफिशियल' उद्घाटन (आज) सोमवार सुबह होगा। MLA कुमार आयलानी के ऑफिस से मिली जानकारी के मुताबिक, तय प्रोग्राम के मुताबिक सोमवार सुबह पुल का ऑफिशियल उद्घाटन होगा। इससे राजनीतिक माहौल में और गरमाहट आने की उम्मीद है।

# कुख्यात गैंगस्टर बाबू गायकवाड़ गिरफ्तार

- डेढ़ साल से फरार गैंगस्टर आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया
- 20 अपराधों का इतिहास है बाबू का



**उल्हासनगर.** हत्या के प्रयास मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहा कुख्यात गैंगस्टर बाबू गायकवाड़ आखिरकार हिललाइन पुलिस के जाल में फंस ही गया। 18 अप्रैल, 2025 देर रात 2.30 बजे उल्हासनगर कैंप-5 के गैस गोदाम इलाके में प्रेम नानावरे और भावेश भोईर को बाबू गायकवाड़, रुद्र मैराले और उनके दो साथियों ने उन्हें लात-घूंसों और डंडों से पिटाई कर हमला किया। इस हमले में भावेश भोईर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में चारों के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। हालांकि, घटना के बाद बाबू गायकवाड़ फरार हो गया। इसी बीच, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप शिवले को गुप्त सूचना मिली कि वह अपने घर लौट आया है। इसके अनुसार, पुलिस निरीक्षक सिद्धेश्वर कैलासे, API दत्तात्रेय सनप, PSI संग्राम मालकार, अंकुश सुरेवाड़, अविनाश सुर्वे की टीम ने गायकवाड़ पाड़ा में जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पेनिनसुला डांस बार में छापा

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस ने अचानक आधी रात को पेनिनसुला बार में छापा मारा और परमिट की शर्तों का उल्लंघन करके ग्राहकों के सामने चल रहे अश्लील डांस शो को बंद करवाया। पुलिस ने महिला वेट्रेस को "लैला ओ लैला" की धुन पर ग्राहकों के सामने अश्लील नृत्य करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इस कार्रवाई में बार के मालिक समेत आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उल्हासनगर 5 में पेनिनसुला बार में परमिट के खिलाफ गतिविधियां चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने देर रात कार्रवाई की। जैसे ही टीम अंदर घुसी, महिलाओं द्वारा संगीत की धुन पर ग्राहकों के सामने किए जा रहे अश्लील नृत्य करते पाया। जांच के दौरान पता चला कि दो महिला कर्मचारी बिना किसी वैध रोजगार अनुबंध के काम कर रही थीं, जिससे परमिट नियमों का गंभीर उल्लंघन सामने आया। इस मामले में बार मालिक सहित मैनेजर शुभम अशोक जमदाड़े, वेटर राकेश अब्बास मंडल के साथ-साथ महिला वेट्रेस नेहा अनिल शर्मा, कशिश इकबाल मेहरा, मधुरिमा कक्कड़ घोष, मंजू अभिषेक बागड़े और जामिया महमूद अंसारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बार से सभी CCTV फुटेज, रिकॉर्ड और नौकरी की डिटेल्स जब्त कर ली हैं और जांच कर रही है कि यह गैर-कानूनी शो कब से चल रहा था।

# एबी फार्म को लेकर वंचित बहुजन आघाड़ी में झगड़ा

- 5 पर एट्रासिटी एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज
- पत्रकार का नाम हटाने की मांग बढ़ी

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा चुनाव में इच्छुकों को दिए गए एबी फार्म को लेकर आघाड़ी के दो गुटों में झगड़ा हो गया. एक गुट के साथ मारपीट करके, गालीगलौज करके उनके चेहरे पर कालिख पोती गई. पीड़ित गुट अमर बालू भरीत (वकील) ने अंबरनाथ पुलिस में सोनू पवार (वंचित के जिला प्रवक्ता), मनोज पवार, सुनिल अहिरे (पत्रकार), उल्हास ढगे, नीलेश जाधव व अन्य 2 अज्ञात के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज कराया है. इस अपराध में पत्रकार परिषद में आए पत्रकार सुनिल अहिरे का नाम भी लिखाने से उन्होंने सहायक पुलिस आयुक्त को लिखित पत्र देकर खुलासा किया है कि वह वं. ब. आघाड़ी द्वारा आयोजित पत्रकार परिषद में आए थे. उन्हें फंसाया जा रहा है. वह भी अनुसूचित जाति से है. इस घटना में मेरा कोई हाथ नहीं है. पक्ष का अंतर्गत वाद है. मेरा नाम अपराध में से निकाला जाए. घटना इस प्रकार से है. 18 नवंबर को पत्रकार परिषद का आयोजन वंचित आघाड़ी के कार्यालय में किया गया था. जिसमें शिकायत कर्ता अमर बालू भरीत भी थे. सोनू पवार और मनोज पवार ने उन पर आरोप लगाया कि तुम लोगों ने डायरेक्ट जाकर वरिष्ठों से एबी फार्म क्यों लाया. ये बोलकर गालीगलौज करके मारपीट उनके मुंह पर कालिख लगाई गई है. नरेश गायकवाड़ और अमर को मारा गया. पुलिस में एट्रोसिटी एक्ट के अनुसार अपराध दर्ज कराया गया, जिसमें सुनिल अहिरे का नाम भी दर्ज है. पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए कैसे क्या एक पत्रकार पर अपराध दर्ज किया है. ऐसा पत्रकारों का कहना है. पुलिस ने जल्दबाजी की है. सुनिल अहिरे का नाम हटाने की मांग की जा रही है.

# 4 दिसंबर तक वालधुनी ब्रिज बंद

**उल्हासनगर.** कोलसेवाड़ी ट्रैफिक सब-डिवीजन की सीमा के भीतर, कल्याण पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले स्व. आनंद दिघे फ्लाईओवर की मरम्मत का काम कल्याण डोंबिवली मनपा की ओर से शाह इंजीनियर कंपनी द्वारा किया जाएगा. मरम्मत कार्य के दौरान फ्लाईओवर पर पुराने तारकोल को हटाकर नया तारकोल बिछाया जाएगा। उक्त कार्य 25 नवंबर की रात 00.01 बजे से 4/12/2025 के बीच किया जाएगा और कार्य के दौरान स्वा आनंद दिघे फ्लाईओवर को यातायात के लिए पूरी तरह बंद करना होगा। इस दौरान पर्यायी मार्ग का उपयोग करने की अपील यातायात पुलिस द्वारा की गई है.

# चुनाव में पैसों का रेलपेल, आचार संहिता पथक खामोश

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आचार संहिता पथक है या नहीं, कुछ पता नहीं चल पा रहा है. प्रभाग में उम्मीदवारों ने अपने कार्यालयों का उद्घाटन करके पैसों को रेलपेल शुरू कर दिया है. बिर्यानी की पार्टियां की जा रही हैं. पैसे बांटे जा रहे हैं. रैलियों में एवं सभा में घर-घर जाकर महिलाओं को रकम देकर रैलियों में लाया जा रहा है. आचार संहिता पथक बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है. पथक इस पात की प्रतीक्षा करता है कि इस संबंध में कोई उनसे शिकायत करे. सोसायटियों में इच्छुक उम्मीदवार सभा लेकर सोसायटी के विकास कामों को फ्री में करके दे रहे हैं. ताकि सोसायटी निवासी उनको वोट दें. एक प्रभाग में तो रात में महिलाओं को साड़ियां तक वितरित की गई है. युवकों का ग्रुप उम्मीदवारों के पास जाकर ये बताया है कि उनके पास इतने वोट हैं. उन्हें वह क्या देगा. फिर उसी प्रभाग में जाकर दूसरे उम्मीदवार से भी पैसे वसूले जा रहे हैं. उम्मीदवार अपने समर्थों के साथ झुंड बनाकर घर-घर में जाकर कलर पम्फलीट बांट कर हाथ जोड़ कर उन्हें वोट देने की अपील कर रहे हैं. ढोल ताशों के साथ रैलियां निकाली जा रही हैं. रैली में ज्यादा लोक दिखें इसके लिए उन्हें पैसे का लालच देकर रैली में लाया जा रहा है. जिसके लिए कुछ खास एजेंट कार्य कर रहे हैं. ये समझ में नहीं आ रहा है कि ये चुनाव किस हद तक जा रहा है. पैसों की लालच में वोटों को बेचने से गत पांच वर्षों के लिए वोटर कैसे नगरसेवक को चुन कर देंगे. ये सभी अच्छी तरह से समझ रहे हैं.

# भाजपा उम्मीदवार तेजश्री करंजुले को व्यापारियों का भरपूर समर्थन



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व के बाबा रामदेव मंदिर इलाके में भारतीय जनता पार्टी की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार तेजश्री करंजुले पाटील की मौजूदगी में व्यापारी एसोसिएशन और उनके पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में वरिष्ठ व्यापारी, अलग-अलग संगठन के पदाधिकारी आदि लोग शामिल हुए। बैठक में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "जय श्री राम" जैसे नारों से गूंज उठा। भाजपा उम्मीदवार तेजश्री करंजुले-पाटिल ने भिड़ेवाड़ी इलाके में कैलाश पर्वत सोसाइटी में लोगों से सीधे बातचीत की और अंबरनाथ के डेवलपमेंट से जुड़े सीधे मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि शहर का डेवलपमेंट पड़ोसी बदलापुर शहर से पीछे है, उन्होंने कहा, "अंबरनाथ पूर्व कुछ हद तक काफ़ी डेवलप है, लेकिन अंबरनाथ पश्चिम बहुत नज़रअंदाज़ किया गया है।" कार्यक्रम में व्यापारी संघटन और स्थानीय नेताओं ने अंबरनाथ के सब्जी मार्केट समेत अलग-अलग कामों के लिए गुलाबराव करंजुले-पाटिल के योगदान की तारीफ़ की। साथ ही, उन्होंने एकमत से अपने परिवार की एक बहुत पढ़ी-लिखी (CA और MBA) महिला उम्मीदवार तेजश्री विश्वजीत करंजुले-पाटिल को अपना समर्थन दिया। वहां मौजूद व्यापारियों ने एकमत से अंबरनाथ की सुरक्षा, व्यवस्था और हर तरह के विकास के लिए तेजश्री करंजुले-पाटिल को चुनाव जिताने का प्रस्ताव पास किया। मीटिंग "शहर बदलो, सिस्टम बदलो, भ्रष्टाचार मिटाओ" के नारों के साथ खत्म हुई।

# शिवसेना से भाजपा में गए पूर्व नगरसेविका के पति की पिटाई

**उल्हासनगर.** शिवसेना शिंदे गुट से BJP में शामिल हुई पूर्व नगरसेविका के पति पर हुए हमले ने शहर का माहौल गरमा दिया है। चर्चा है कि मारपीट की यह घटना राजनीतिक बदले और स्थानीय वर्चस्व के कारण हुई है, और अब यह साफ हो गया है कि BJP शिंदे गुट के अंदर का झगड़ा सड़कों पर आ गया है।

कुछ दिन पहले, BJP के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में शिवसेना (शिंदे गुट) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई पूर्व नगरसेविका शुभांगी बहनवाल के पति मनोहर बहनवाल की बेरहमी से पिटाई की गई। जब मनोहर बहनवाल और योगेश पवार हीराघाट इलाके में बात कर रहे थे, तभी शीलरत्न जाधव और रतन उर्फ बाला गायकवाड़ के कहने पर सचिन अहेर और पांच-छह दूसरे लोग अचानक उनके पास दौड़े। शिकायत करने वाले ने बताया है कि आरोपियों ने बहनवाल को गालियां दीं और लातों से बुरी तरह पीटा और पूछा, 'क्या तुम राजेंद्र चौधरी के खिलाफ काम कर रहे हो?'

### इलाके में कुछ देर के लिए डर का माहौल

इस अचानक हुए हमले से इलाके में कुछ देर के लिए डर का माहौल बन गया। इस घटना के बाद मनोहर बहनवाल ने सेंट्रल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजनीतिक मकसद से किए गए इस हमले से यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले चुनावों को देखते हुए उल्हासनगर का राजनीतिक माहौल और गरमा सकता है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यह शहर में BJP-शिंदे ग्रुप के बीच अंदरूनी तनाव का एक और मामला है। इस हमले के बाद दोनों पार्टियों की लोकल लीडरशिप की तरफ से कड़ी प्रतिक्रिया आने की संभावना है.

# बाइक सवार ने मंगलसूत्र छीना

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर के शिवाजीनगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना हुई है, जहां दिनदहाड़े एक महिला का सोने का मंगलसूत्र जबरन छीनकर चेन स्नैचर फरार हो गया. यह घटना रोटरी क्लब, मोतीराम गार्डन के पीछे हुई। चंद्रिका सुरेश परमार खाना बनाने के काम से जा रही थीं, तभी उन पर हमला हुआ। सामने से एक काली मोटरसाइकिल पर एक अनजान व्यक्ति आया और उसके गले से 40 हजार रुपये कीमत का और 50 ग्राम वजन का सोने का मंगलसूत्र जबरन खींचकर भाग गया। चेन स्नैचर आरोपी की उम्र करीब 35 से 40 साल है और उसने हरे रंग की फुल स्लीव शर्ट और नीली जींस पहनी हुई थी। परमार की शिकायत पर शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में इस बारे में केस दर्ज किया गया है।






# ठाणे-भिवंडी का सफ़र अब सिर्फ़ 7 मिनट में!

- MMRDA की नई योजना
- 6 लेन वाला पुल देगा सीधा संपर्क



**ठाणे.** ठाणे और भिवंडी के बीच यात्रा करने वालों को व्यस्त समय में आधे घंटे से पौने घंटे तक का सफ़र तय करना पड़ता है। शहरवासी ट्रैफ़िक जाम से जूझ रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए, MMRDA ने एक नई महत्वाकांक्षी परियोजना की योजना बनाई है। वसई क्रीक पर 6 लेन का फ्लाईओवर बनाकर ठाणे और भिवंडी को सीधे जोड़ने की योजना तैयार की गई है। दावा किया जा रहा है कि इस पुल के बन जाने के बाद यह सफ़र सिर्फ़ 5 से 7 मिनट में पूरा हो जाएगा।

यह पुल ठाणे के कोलशेत से शुरू होकर भिवंडी के काल्हेर तक जाएगा। वसई क्रीक पर बनने वाला यह पुल लगभग 2.2 किलोमीटर लंबा है और इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 430 करोड़ रुपये होगी। इस 6 लेन वाले पुल के बनने से मौजूदा 45 मिनट का सफ़र कुछ ही मिनटों में सिमट जाएगा। गुरुवार को, एमएमआरडीए ने इस परियोजना के लिए निविदा की घोषणा की, जिसका लक्ष्य अगले तीन वर्षों में पुल का निर्माण पूरा करना है।

आने वाले वर्षों में भिवंडी में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का एक महत्वपूर्ण स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसलिए, भिवंडी से तेज़ और सुविधाजनक संपर्क आवश्यक हो गया है। कपड़ा व्यवसाय और औद्योगिक क्षेत्र के कारण भिवंडी श्रमिकों और व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ठाणे और मुंबई से बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग प्रतिदिन भिवंडी आता-जाता है।

वर्तमान में, यात्रियों को कोलशेत और काल्हेर के बीच बालकुम नाका और पुराने कशेली पुल से होकर यात्रा करनी पड़ती है। यहाँ यातायात की भीड़भाड़ बहुत रहती है और त्योहारों के मौसम में यह यात्रा 2 घंटे तक बढ़ जाती है। नए पुल के बन जाने से इस भीड़भाड़ से काफी राहत मिलेगी और भिवंडी के कपड़ा उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। ठाणे जिले के पालक मंत्री और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व्यक्तिगत रूप से इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं।

इस पुल की प्रारंभिक रिपोर्ट कुछ वर्ष पहले प्रस्तुत की गई थी। उस समय 1.64 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण की योजना थी और परियोजना की लागत लगभग 274 करोड़ रुपये आंकी गई थी। हालाँकि, स्थान तय न होने के कारण काम रुका हुआ था। अब जब सभी आवश्यक रिपोर्टें जमा हो गई हैं, तो उम्मीद जताई जा रही है कि यह बहुप्रतीक्षित परियोजना तीन साल में पूरी हो जाएगी।




**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

## नीतीश के सामने असली इम्तिहान

बिहार में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को नई सरकार का गठन हो गया। पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की दसवीं बार शपथ ली। इसी के साथ उन्होंने ज्यादा समय तक सत्ता में रहने वाले शीर्ष दस मुख्यमंत्रियों की सूची में जगह बना ली। इसमें दोराय नहीं कि लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए नीतीश कुमार ने कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। मगर उनके गठबंधन को इस बार जितना बड़ा जनादेश मिला है, उसके मद्देनजर शायद उतनी ही बड़ी चुनौतियां भी सामने हैं।

अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नीतीश कुमार ने सुशासन सुनिश्चित करने के दावे करने से लेकर महिलाओं के सशक्तीकरण के लक्ष्य से कई कदम उठाए। चुनाव में मिले समर्थन से ऐसा लगता भी है कि उनकी विश्वसनीयता कायम रही। मगर अब नई सरकार के सामने उन वादों को पूरा करने की चुनौती होगी जो इस बार के चुनावों के दौरान जनता से किए गए।

खासतौर पर नीतीश कुमार को कानून-व्यवस्था की स्थिति में गुणात्मक सुधार लाना होगा, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में आपराधिक घटनाओं में काफी तेजी आई है और इसके लिए उनके नेतृत्व पर लगातार सवाल उठे। बिहार में इस बार जो प्रमुख चुनावी मुद्दे रहे, उसके मुताबिक वहां अब आर्थिक और सामाजिक विकास को तेज करने की जरूरत है। चुनाव के दौरान राजग ने अपने संकल्प-पत्र को लेकर जो दावे और वादे किए थे, उसे पूरा करने के लिए अब सरकार को कई मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाले काम करने होंगे।

नए रोजगारों के सृजन और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने से ही बिहार की नई विकास यात्रा शुरू हो सकती है। इस दिशा में बिहार सरकार अगर ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ती है और रोजगार की नई संभावनाएं खड़ी होती हैं, तो राज्य को पलायन के दंश से मुक्ति मिल सकती है।

नीतीश कुमार ने अपने पहले के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने का दावा जरूर किया है, पर अब भी इसमें बड़े सुधार की दरकार है। बिहार पिछड़े राज्यों की श्रेणी से कैसे बाहर निकले, इस पर भी उन्हें मंथन करना होगा।

# विचार : झूठे आरोपों पर टिका विपक्ष



नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में दसवीं बार शपथ ले ली और मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी हो गया, पर यह चर्चा थम नहीं रही कि आखिर राजग ने इतनी प्रचंड जीत कैसे हासिल कर ली। चुनावी जीत कई कारणों पर निर्भर करती है। बिहार में राजग की जीत के भी कई कारण रहे।

एक बड़ा कारण रहा जदयू-भाजपा के साथ उसके अन्य सहयोगी दलों के बीच बेहतर सीट बंटवारा और तालमेल। इसके अलावा एक अन्य प्रमुख कारण है नीतीश कुमार के 20 साल के शासन में बिहार का पटरी पर आना। इसका संज्ञान इसलिए अधिक लिया गया, क्योंकि इसके पहले लालू-राबड़ी यादव का शासनकाल इस कदर जंगलराज का पर्याय बन गया था कि पिछले चुनावों की तरह इस चुनाव में भी मुद्दा बना और उसने अपना असर भी दिखाया।

विपक्ष यह सब देखने से इन्कार कर रहा है। विपक्षी दल और विशेष रूप से कांग्रेस वोट चोरी का ही राग अलाप रही है। वोट चोरी का आरोप चुनावों के पहले तभी उछाल दिया गया था, जब चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर कराना शुरू ही किया था। विपक्ष ने वोट चोरी का आरोप लगाकर धरना-प्रदर्शन करने के साथ वोटर अधिकार यात्रा तक निकाली, लेकिन चुनाव आते-आते यह कोई मुद्दा ही नहीं रहा।


चुनाव बाद के आंकड़े यह बताते हैं कि कुछ ऐसे क्षेत्र जहां बड़ी संख्या में लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कटे, वहां कहीं राजग जीता तो कहीं विपक्ष। ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया कि राजग को एसआईआर का लाभ मिला। मतदाता सूची से लाखों नाम कट जाने के बाद भी किसी ने यह शिकायत नहीं की कि उसका नाम गलत तरीके से काट दिया गया है। यानी जो नाम कटे, वे सही कटे। यदि ऐसा नहीं होता लोगों ने सड़कों पर उतरकर शिकायत की होती। ऐसे लोगों को सामने लाकर राजनीतिक दल भी शिकायत नहीं कर सके तो इसीलिए कि उन्हें कोई ऐसा मिला ही नहीं।

चुनाव आयोग ने बिहार में कम समय में जिस तरह एसआईआर कराया और उसके उपरांत सफलतापूर्वक चुनाव कराए, इसके लिए उसे साधुवाद दिया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष उसकी आलोचना करने के साथ नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित क्षेत्रों में हो रहे एसआईआर का विरोध कर रहा है। विपक्ष शासित राज्य और विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल एसआईआर का कुछ ज्यादा ही विरोध कर रहे हैं।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एसआईआर के विरोध में चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है और उसे अनावश्यक बताया है। वे ऐसा इसके बाद भी कह रही हैं कि बंगाल में रह रहे हजारों बांग्लादेशी वापस अपने देश लौट रहे हैं। यह एसआईआर का ही असर है कि तमाम बांग्लादेशी बांग्लादेश लौटने को आतुर हैं। वे इसीलिए लौट रहे हैं, क्योंकि उन्होंने घुसपैठ की थी। उनके बांग्लादेश लौटने से गृहमंत्री अमित शाह की यह बात सही सिद्ध होती है कि देश में घुसपैठिए रह रहे हैं और वे भारत के ससांधनों का दोहन कर रहे हैं।

भारत जैसे विकासशील देश में अवैध रूप से आ बसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। उन्हें निकालने के लिए अन्य उपाय भी किए जाने चाहिए, क्योंकि यह काम चुनाव आयोग का नहीं कि वह घुसपैठियों के खिलाफ कदम उठाए। बांग्लादेशी घुसपैठिए इसीलिए लौट रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि एसआईआर के चलते उनकी पोल खुल जाएगी।

यह उम्मीद की जाए कि एसआईआर की मौजूदा प्रक्रिया से बंगाल समेत सभी राज्यों में वोटर लिस्ट दुरुस्त होगी। चूंकि इसके पहले वोटर लिस्ट ठीक करने का काम करीब दो दशक पहले हुआ था, इसलिए उसमें तमाम खामियां घर कर गई हैं। वोटर लिस्ट में केवल दोहराव ही नहीं है, उनमें मृतकों और अन्यत्र बस गए लोगों के नाम भी दर्ज हैं। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वोटर लिस्ट का सही होना आवश्यक है। समझना कठिन है कि विपक्षी दलों को वोटर लिस्ट ठीक किए जाने से क्या परेशानी है। वे वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायत भी करते हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते। आखिर एसआईआर पहली बार तो हो नहीं रहा। उसे कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है।




**ध्यानाभ्यास सीखने से हम ऐसे द्वार में प्रवेश कर जाते हैं जो हमें अंतर में आनंद, प्रकाश, और प्रेम से भरपूर मंडलों में ले जाता है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# घुटती दिल्ली, खतरे में स्कूली बच्चों की सांसें

हर वर्ष इस मौसम में ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आबोहवा इस कदर प्रदूषित हो जाती है कि उसमें सभी लोगों के लिए अपनी सेहत को दुरुस्त रख पाना ही एक बड़ी चुनौती हो जाती है। मगर विडंबना यह है कि हर अगले वर्ष गहराती जा रही इस मुश्किल पर काबू पाने के ठोस उपाय करने के बजाय जैसी बहुस्तरीय लापरवाही देखी जाती है, वह इस समस्या के असर को और ज्यादा घातक बनाती है।

होना यह चाहिए कि जब इन दो-तीन महीनों में वायु प्रदूषण की मुश्किल ज्यादा जटिल शक्ल अख्तियार कर लेती है, तो सबसे पहले स्कूल-कालेज या इस तरह की किसी भी जगह पर बच्चों के खेल से जुड़ी गतिविधियों को लेकर एक सुचिंतित नियम-कायदे बनाए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को प्रदूषण की मार से बचाया जा सके।

मगर होता है इसके उलट कि कई बार स्कूल-कालेज से लेकर खेल के मैदानों में होने वाली गतिविधियों के लिए जो कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं, उनमें प्रदूषण से पैदा होने वाली मुश्किल के पहलू को नजरअंदाज किया जाता है। जाहिर है, यह शैक्षणिक परिसरों में खेल गतिविधियों के लिए कार्यक्रम का खाका तैयार करने में अदूरदर्शिता का परिचायक है। इसमें यह ध्यान रखना जरूरी नहीं



समझा जाता कि जहरीली हवा के बीच बच्चे किस तरह खेलों या अन्य गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे और उनकी सेहत पर क्या असर पड़ेगा।

इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से कहा कि वह हवा में प्रदूषण के स्तर को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर और दिसंबर में प्रस्तावित खेल प्रतियोगिताओं को 'सुरक्षित महीनों' तक के लिए स्थगित करने का निर्देश देने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को पत्र लिख कर विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नवंबर और दिसंबर महीने में होने वाली शारीरिक मेहनत और खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित करने को कहा है। पिछले कुछ वर्षों से देश के कई हिस्सों में ठंड की शुरुआत के साथ ही बादलों के घनीभूत होने की वजह से वायु प्रदूषण की समस्या जटिल हो जाती है। खासतौर पर दिल्ली सहित समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हालत यह हो जाती है कि लोगों के सामने कहीं भी साफ हवा में सांस ले पाना चुनौती होती है। कई बार ऐसा लगता है मानो दिल्ली किसी गैस चेंबर की तरह हो गई है।

इस मसले पर अदालतें कई बार सख्त रुख दर्शा चुकी हैं। मगर अब भी ऐसा लगता है कि संबंधित सरकारी महकमे प्रदूषण की गहराती समस्या के मद्देनजर स्कूल-कालेज आदि जगहों पर खेल प्रतियोगिताओं या बच्चों की शारीरिक मेहनत वाली गतिविधियों का समय टालना जरूरी नहीं समझते।

यह स्पष्ट रूप से अदूरदर्शिता है, क्योंकि इन महीनों में दिल्ली-एनसीआर के समूचे इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' की श्रेणी में पहुंच जाता है। इसका नतीजा जगजाहिर रहा है कि गहराते प्रदूषण के बीच आम लोगों और खासतौर पर स्कूली बच्चों और किशोरों को एक तरह की सेहत की जंग लड़नी पड़ती है।

यह केवल दिल्ली की समस्या नहीं है। देश के कई दूसरे शहरों में भी इन दिनों वायु गुणवत्ता की स्थिति बुरी तरह प्रभावित होती है। इसलिए दिल्ली के अलावा वायु गुणवत्ता सूचकांक के मामले में 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचे सभी शहरों में प्रदूषण से उपजी स्थिति से निपटने को लेकर एक व्यापक और ठोस नीति की जरूरत है।

# 8 महीने में 4 देशों की यात्रा, 15000 km उड़कर लौटा गिद्ध

मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के हलाली डैम से 29 मार्च 2025 को छोड़ा गया गिद्ध अब वापस अपने वतन आ गया है. करीब 15 हजार

### जरा हट के

किलोमीटर की यात्रा कर गिद्ध 8 माह बाद वापस लौट आया है. वन विभाग ने गिद्ध को सेटेलाइट रेडियो कॉलर लगाया था, जिसके चलते गिद्ध की लगातार लाइव मॉनिटरिंग की जा रही थी.

वन विभाग की ओर से पिछले 8 माह से इस यूरेशियन ग्रिफिन गिद्ध की ट्रेकिंग की जा रही थी. इस दौरान गिद्ध ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान जैसे देशों की यात्रा की है. वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, अभी यह गिद्ध राजस्थान के धौलपुर जिले के पास मौजूद है.

बता दें, यूरेशियन ग्रिफिन गिद्ध को विदिशा के हलाली डैम से 29 मार्च को छोड़ा गया था. इससे पहले गिद्ध का करीब 2 माह तक भोपाल के वन विहार



में इलाज भी चला. दरअसल, गिद्ध 29 जनवरी को सतना जिले के नागौद में घायल अवस्था में मिला था.

इसके बाद इसे इलाज के लिए पहले मुकुंदपुर चिड़ियाघर लाया गया. यहां आराम नहीं लगने पर इसे भोपाल स्थित वन विहार लाया गया. यहां गिद्ध के इलाज-देखरेख के बाद पूरी तरह से स्वस्थ होने पर 29 मार्च को खुले आसपान में छोड़ा गया.

वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर का कहना है कि गिद्ध को सेटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाया गया था, ताकि इनके प्रवास और संरक्षण से जुड़ी जानकारी जुटाई जा सके. साथ ही इसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके.

हलाली डेम से छोड़े जाने के एक महीने में ही यह गिद्ध कजाकिस्तान पहुंच गया था. मई में कजाकिस्तान पहुंचने के बाद 4 महीनों तक गिद्ध ने वहीं डेरा डाले रहा. इसके बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान होता हुआ वापस भारत आ गया है.


# ब्रेड बेसन टोस्ट

**खाना-खजाना**

सुबह की शुरुआत हेल्दी और टेस्टी ब्रेकफास्ट से हो, तो दिनभर एनर्जी और मूड दोनों बना रहता है। ऐसे में 'ब्रेड बेसन टोस्ट' एक ऐसा ब्रेकफास्ट है जो मिनटों में बनकर तैयार हो जाता है और स्वाद में भी लाजवाब होता है। यह रेसिपी खासतौर पर उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो ऑफिस, कॉलेज या स्कूल से जाने की जल्दी में रहते हैं, लेकिन सेहत के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते। बेसन प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है और ब्रेड से तुरंत एनर्जी मिलती है।

### सामग्री

- बेसन – 1 कप
- ब्रेड स्लाइस – 4 से 6
- प्याज – 1 (बारीक कटी)
- टमाटर – 1 (बारीक कटा)
- हरी मिर्च – 1 (बारीक कटी)
- अदरक – 1/2 टीस्पून (कद्दूकस की हुई)
- हरा धनिया – 2 टेबलस्पून
- हल्दी – 1/4 टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर – 1/2 टीस्पून
- नमक – स्वादानुसार
- पानी – 1/2 कप (घोल बनाने के लिए)
- तेल – सेंकने के लिए



### बनाने का तरीका

सबसे पहले एक बाउल में बेसन लें और उसमें सभी बारीक कटी सब्जियां व मसाले डालें। अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए घोल तैयार करें (घोल न ज्यादा पतला हो और न बहुत गाढ़ा)। ब्रेड स्लाइस को इस घोल में डिप करें या चम्मच से दोनों तरफ अच्छे से लगा दें।


नॉन-स्टिक तवे पर हल्का तेल लगाकर ब्रेड रखें और दोनों तरफ सुनहरा होने तक धीमी आंच पर सेकें।

इसे गरमा गरम चटनी या टमाटर सॉस के साथ सर्व करें।

# कहीं आप भी तो नहीं खा रहे नकली काली मिर्च?

### 5 तरीकों से करें इसकी शुद्धता की पहचान

काली मिर्च सिर्फ एक मसाला नहीं है, यह हमारी भारतीय रसोई की जान है, लेकिन अफसोस, मार्केट में इसे भी नहीं छोड़ा गया है। दरअसल, चमकदार दिखने वाले इन दानों में अक्सर पपीते के सूखे बीज और मिनरल ऑयल जैसी चीजों की मिलावट की जाती है।
यह मिलावट न सिर्फ आपके खाने का स्वाद चुरा लेती है, बल्कि यह आपकी सेहत को भी खतरे में डाल सकती है। अगली बार जब आप काली मिर्च खरीदें, तो उसकी शुद्धता मिनटों में जांचने के लिए इन 5 देसी तरीकों को जरूर आजमाएं।



### पानी में डुबो कर देखें

काली मिर्च की शुद्धता जांचने का यह सबसे आसान तरीका है। एक गिलास पानी लें और उसमें एक चम्मच काली मिर्च के दाने डालें। असली काली मिर्च वजन में हल्की होती है, इसलिए वह सतह पर तैरने लगेगी। वहीं, नकली या मिलावटी काली मिर्च (जिसमें अक्सर पपीते के सूखे बीज मिलाए जाते हैं) पानी में डूब जाएगी, क्योंकि पपीते के बीजों का घनत्व काली मिर्च से ज्यादा होता है।

### रगड़ कर देखें और महक सूंघें

अपने हाथ की हथेली पर थोड़े से काली मिर्च के दाने लें और उन्हें हल्के हाथ से रगड़ें। रगड़ने पर, असली काली मिर्च तुरंत एक तेज और तीखी खुशबू देगी, जो काली मिर्च की खास पहचान है। अगर दाने रगड़ने के बाद भी कोई महक नहीं दे रहे हैं या उनमें से मिट्टी जैसी गंध आ रही है, तो समझ लें कि यह पुरानी है या इसमें मिलावट है।

### तेल का इस्तेमाल करके करें जांच

काली मिर्च में अक्सर मिनरल ऑयल या ग्रीस की मिलावट की जाती है ताकि वे चमकदार और ताजी दिखें। शुद्धता जांचने के लिए, कुछ दानों को एक सफेद कागज पर रखें और उन्हें थोड़ा सा दबाएं। अगर कागज पर तेल का निशान या धब्बा दिखाई दे, तो इसका मतलब है कि दानों को आर्टिफिशियल रूप से चमकाने के लिए तेल का इस्तेमाल किया गया है। शुद्ध काली मिर्च कोई तेल का निशान नहीं छोड़ेगी।

### रंग और आकार पर ध्यान दें

शुद्ध काली मिर्च के दाने गहरे काले, झुर्रीदार और आकार में लगभग एक जैसे होते हैं। अगर आप खरीदे गए दानों में भूरे या हल्के काले रंग के, चिकने और बिल्कुल गोल आकार के बीज देखते हैं, तो वे अक्सर पपीते के सूखे बीज होते हैं। पपीते के बीज काली मिर्च से थोड़े छोटे और हल्के होते हैं। ध्यान से देखने पर यह अंतर आसानी से पकड़ा जा सकता है।

### दाने तोड़ कर देखें

एक काली मिर्च का दाना लें और उसे किसी पत्थर या बेलन से तोड़ें। असली काली मिर्च के अंदर का हिस्सा आमतौर पर सफेद या हल्का सफेद-भूरा होता है। अगर दाना अंदर से खोखला है या अंदर का रंग बहुत ज्यादा काला या भूरा है, तो हो सकता है कि यह लो क्वालिटी वाली मिर्च हो या किसी चीज से मिलावटी हो।

इन आसान तरीकों को अपनाकर आप अपनी रसोई को मिलावट से बचा सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप और आपका परिवार हमेशा शुद्ध और ताजा मसा

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृषभ** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें। पार्टी का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा।

**मिथुन** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कन्या** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला** : व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा।

**वृश्चिक** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**धनु** : योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें।

**मकर** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कुंभ** : हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा। बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सहजन की पत्तियों से पिघलेगी पेट की चर्बी

वेट लॉस की प्रक्रिया में जब नेचुरल और हेल्दी तरीकों की बात आती है, तो सहजन की पत्तियां एक बहुत ही प्रभावशाली सुपरफूड के रूप में सामने आती हैं। सहजन की पत्तियां भूख को कंट्रोल करती हैं, शरीर को डिटॉक्स करती हैं और पाचन क्रिया को सुधारती हैं। आइए जानते हैं इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करने के कुछ बेहद असरदार और आसान तरीकों के बारे में...



### सहजन टी

सहजन की सूखी पत्तियों से बनी हर्बल टी मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद करती है। सुबह खाली पेट इसका सेवन शरीर को डिटॉक्स करता है और वेट लॉस प्रोसेस को बढ़ावा देता है।

### हेल्दी स्मूदी

ग्रीन स्मूदी (पालक, खीरा, नींबू) में सहजन की पत्तियां मिलाएं। यह फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ड्रिंक न सिर्फ पेट भरे होने का एहसास देती है, बल्कि फैट को भी कम करती है।

### पाउडर फॉर्म में

सूखी पत्तियों को पीसकर बनाए गए पाउडर को रोजाना एक गिलास गुनगुने पानी या नींबू पानी में मिलाकर पिएं। यह वजन कम करने में असरदार होता है।

### हेल्दी सूप में

सहजन की पत्तियों को सब्जी या दाल सूप में डालें। यह सूप लो कैलोरी, हाई न्यूट्रिएंट्स वाला होता है, जिससे फैट बर्न होता है और शरीर को जरूरी पोषण भी मिलता है।

### आटे में मिलाकर रोटियां

गेहूं या मल्टीग्रेन आटे में सहजन पाउडर मिलाकर रोटियां बनाएं। यह वेट लॉस करने के साथ इम्युनिटी को भी मजबूत बनाती हैं।

### भाजी या सब्जी

मेथी या पालक की तरह सहजन की पत्तियों की भाजी बनाएं। यह कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर वाली डिश वेट लॉस करने में सहायक होती है।

### डिटॉक्स वॉटर

रातभर कुछ पत्तियों को पानी में भिगोकर सुबह छानकर पिएं। यह बॉडी को क्लीन करता है और पाचन क्रिया में सुधार लाता है।

### चटनी के रूप में

पुदीना, धनिया और सहजन की पत्तियों से बनी चटनी स्वाद के साथ-साथ वेट लॉस में भी मददगार होती है। इन नेचुरल तरीकों से सहजन की पत्तियों को डाइट में शामिल कर आप बिना किसी साइड इफेक्ट के हेल्दी और प्रभावी रूप से वजन कम कर सकते हैं।

# हेल्दी ब्रेकफास्ट का सीक्रेट!

### 6 तरीकों से चिया सीड्स को बनाएं नाश्ते का हिस्सा



चिया सीड्स छोटे होते हैं, पर इनके फायदे बड़े हैं। जब ये पानी में भिगोए जाते हैं, तो ये जेल जैसा रूप ले लेते हैं। इनमें बहुत सारा फाइबर होता है, जो पेट को साफ रखने में मदद करता है। इसके अलावा, इनमें मौजूद ओमेगा-3 आपके दिल और दिमाग के लिए बहुत अच्छा होता है। इन्हें नाश्ते में खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती, जिससे वजन कंट्रोल में भी मदद मिलती है।

### 6 आसान तरीके

चिया सीड्स को नाश्ते का हिस्सा बनाना बहुत आसान है। यहां 6 टेस्टी और ईजी तरीके दिए गए हैं:

**ओवरनाइट चिया पुडिंग:** यह सबसे पॉपुलर तरीका है। दूध (या बादाम/नारियल का दूध) में चिया सीड्स, थोड़ा शहद/मेपल सिरप मिलाकर रात भर फ्रिज में रख दें। सुबह ऊपर से फल और नट्स डालकर खाएं।

**स्मूदी या शेक में मिलाएं:** अपने रोज के फ्रूट शेक या प्रोटीन स्मूदी में एक चम्मच चिया सीड्स मिला दें। इससे स्मूदी और भी गाढ़ी और पौष्टिक बन जाएगी।

**दही के साथ खाएं:** दही या ग्रीक योगर्ट में ताजे फल, जैसे बेरी या केला, मिलाएं और ऊपर से भुने हुए चिया सीड्स छिड़क दें। यह एक क्विक और हेल्दी ब्रेकफास्ट है।

**ओट्स या दलिया में टॉपिंग:** अगर आप नाश्ते में ओट्स या दलिया खाते हैं, तो पकने के बाद उसमें थोड़े से चिया सीड्स डाल दें। यह क्रंच भी देगा और पोषण भी बढ़ाएगा।

**होममेड ग्रेनोला बार:** अगर आप घर पर एनर्जी बार या ग्रेनोला बनाते हैं, तो चिया सीड्स को बाकी सामग्री के साथ मिलाकर बेक करें। यात्रा के लिए यह बेहतरीन नाश्ता है।

**फ्रूट सलाद में शामिल करें:** फलों के सलाद को और हेल्दी बनाने के लिए, उस पर एक चम्मच चिया सीड्स छिड़क दें। यह आपके फल के स्वाद को बिना बदले उसका पोषण बढ़ा देगा।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### कार चलाना सीख रहे बेटे ने गलती से मां को कुचला, मौके पर ही महिला की मौत

**बाराबंकी.** यूपी के बाराबंकी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के बहुता गांव में कार चलाना सीख रहे बेटे ने गलती से अपनी मां को कुचल दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजन शोक में डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। उधर, बहराइच के रूपईडीहा हाईवे के भवनियापुर के पास रविवार सुबह कोहरे के दौरान दो ट्रकों में भिड़ंत के दौरान एक कार भी ट्रक से जा भिड़ी। जिसके चलते कार चालक घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। ट्रकों व कार को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू रूप से बहाल किया गया है।

### 12वीं के छात्र ने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर की आत्महत्या, CCTV में कैद हुई दर्दनाक घटना

**बागपत.** यूपी के बागपत जिले के बड़ौत क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां गांधी रोड के रहने वाले एक युवक ने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर आत्महत्या कर ली। वहीं, यह पूरा हादसा पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मृतक युवक की पहचान तरुण सैनी के रूप में हुई है। तरुण कक्षा 12 का छात्र था और अपने परिवार का इकलौता बच्चा था। परिवार के अनुसार, शनिवार की सुबह वह घर से घूमने के लिए निकला था। परिजनों के अनुसार तरुण ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी अभी कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह सामान्य दिनों की तरह ही निकला था। उसने ऐसा क्यों किया इस बार में कोई जानकारी नहीं है।

### एक परिवार के आठ सदस्यों ने किया आत्मदाह का प्रयास; पुलिसकर्मियों ने बचाया

**लखनऊ.** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब उन्नाव के आसीवन क्षेत्र से आए एक परिवार के आठ सदस्यों ने गोल्फ चौराहे के पास आत्मदाह का प्रयास किया। परिवार के तीन सदस्यों ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया था, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उन्हें रोक लिया और बड़ी घटना होने से बचा लिया। घटना सुबह उस समय हुई जब जगदीश यादव, निवासी आसीवन, उन्नाव, अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ लखनऊ पहुंचे थे। जगदीश ने बताया कि उनके गांव में मारपीट और अन्य धाराओं में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जगदीश आरोप है कि आसीवन पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई की और विरोधी पक्ष के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसी से परेशान होकर वह परिवार सहित लखनऊ अधिकारियों से मिलने आए थे। जगदीश के अनुसार, वे अपनी शिकायत दर्ज कराने और न्याय की मांग को लेकर सुबह गोल्फ चौराहे पर पहुंचे। परिवार के तीन सदस्यों ने अचानक खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। तभी वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और सभी को बचाकर सुरक्षित स्थान पर ले गए।

# 'जनता के पास वोट, मेरे पास फंड...'

## चुनावी मंच से बोले डिप्टी CM अजित पवार, विपक्ष ने धमकी बताया

**मुंबई.** महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं. राजनीतक दल जनसभाओं में जुटे हुए हैं. इस बीच प्रदेश की राजनीति में नया विवाद उस समय खड़ा हो गया जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मालेगांव में एक सभा के दौरान सीधा संदेश देते हुए कहा, 'आपके पास वोट हैं, मेरे पास पैसे हैं. अगर हमारे उम्मीदवार जीतेंगे तो मैं पैसे की कमी नहीं होने दूंगा, नहीं चुनेंगे तो मैं भी आपकी मदद नहीं करूंगा.'

यह टिप्पणी मालेगांव नगर पंचायत चुनाव के प्रचार के दौरान आई, जहां पवार एनसीपी उम्मीदवारों के समर्थन में पहुंचे थे. मंच से कहा गया यह बयान तुरंत राजनीतिक बहस का मुद्दा बन गया. विपक्ष ने इसे 'खुली धमकी' और 'सरकारी धन को निजी संपत्ति की तरह पेश करना' बताया.

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व विपक्षी नेता अंबादास दानवे ने अजीत पवार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. दानवे ने कहा



कि यह एक तरह की धमकी है, क्योंकि वोट देना हर नागरिक का अधिकार है और विकास निधि देना भी सरकार का काम है. उन्होंने बताया कि विकास निधि जनता के टैक्स के पैसे से होती है, न कि किसी एक नेता के घर से आती है। ऐसे बयान इलेक्शन कमीशन को गंभीरता से देखने चाहिए.

दानवे ने महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में किसानों की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की. उन्होंने बताया कि पिछले दस महीनों में 899 किसान आत्महत्या कर चुके हैं और यह संख्या अभी बढ़ने की संभावना है. मूसलाधार बारिश ने किसानों की फसल को बहुत नुकसान पहुंचाया, लेकिन सरकार की मदद उनमें से ज्यादातर तक नहीं पहुंची. वहीं, सरकार द्वारा जो राहत पैकेज घोषित किया गया था, वह भी पूरी तरह लागू नहीं हुआ है, इसी वजह से किसान आत्महत्या कर रहे हैं.

दानवे ने सामना में प्रकाशित खबर पर भी बात की जिसमें कहा गया है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना से कई विधायक अब पार्टी छोड़ सकते हैं. उन्होंने माना कि बीजेपी पहले भी ऐसे कई नेताओं से बात कर चुकी है और अब भी कुछ नेता एकनाथ शिंदे की तरफ से बीजेपी में जा सकते हैं.

### बलरामपुर में दो सिपाही बर्खास्त

**बलरामपुर.** बलरामपुर जिले के जरवा कोतवाली में तैनाती के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति से जबरन धन वसूली करने के दोषी पाए जाने पर दो पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि जरवा कोतवाली में तैनात आरक्षी (सिपाही) ध्रुव चंद्र और राजू यादव के खिलाफ एक स्थानीय व्यक्ति से अवैध वसूली करने के आरोप में 4 सितंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, गोरखपुर ने 21 जनवरी 2025 को दोनों कांस्टेबलों को सजा सुनाई थी।

# बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने की तैयारी

## TMC विधायक ने 6 दिसंबर को नींव रखने का किया ऐलान

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद के निर्माण की तैयारी चल रही है। इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर के बयान पर राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है।



टीएमसी MLA ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव 6 दिसंबर को रखने की घोषणा की। यह तारीख उत्तर प्रदेश के अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ है। भरतपुर से विधायक ने पिछले साल इस मस्जिद का प्रस्ताव रखा था। हुमायूं कबीर ने एएनआई से बातचीत में शनिवार को कहा, 'हम 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। इसे पूरा होने में तीन साल लगेंगे। विभिन्न मुस्लिम नेता इस आयोजन में भाग लेंगे।'

भारतीय जनता पार्टी ने इसे लेकर तीखा हमला बोला है। इसने सत्तारूढ़ टीएमसी पर धर्म आधारित राजनीति और तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया। बीजेपी नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा, 'कोई भी मंदिर या मस्जिद बना सकता है, लेकिन टीएमसी धर्म के नाम पर राजनीति करती है। 6 दिसंबर की तारीख चुनने के पीछे उनकी मंशा स्पष्ट है। सवाल यह है कि टीएमसी ने अब तक अल्पसंख्यकों के लिए क्या किया है?'

### TMC पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप


बीजेपी नेता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि टीएमसी का सेक्युलरिज्म धर्म-विशेष को लेकर है। उन्होंने कहा, 'जब वे बाबरी मस्जिद को फिर से स्थापित करने की बात करते हैं, तो मैं जानना चाहती हूं कि वे उस बाबरी मस्जिद में किसे बुलाएंगे? क्या वे उन रोहिंग्या लोगों को, जो अब SIR के डर से सीमा क्षेत्रों की ओर भाग रहे हैं? यह कुछ और नहीं बल्कि तुष्टिकरण की राजनीति है।'

# 11 साल के बच्चे की बहादूरी से उल्टे पैर भागा तेंदुआ

**पालघर.** पालघर में एक 11 साल के स्कूली लड़के ने हिम्मत दिखाई और अपने दोस्त की मदद से खतरनाक तेंदुए से पत्थर मारकर व शोर मचाकर मुकाबला किया. जिससे तेंदुए को भागना पड़ा. इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

अधिकारी के मुताबिक अगर मयंक कुवारा अपना स्कूल बैग लेकर नहीं घूम रहा होता तो उसकी जान जा सकती थी. शुक्रवार शाम को माला पद्वीपाड़ा इलाके के पास तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर दिया. इस दौरान बच्चे ने बैग को अपना सुरक्षा कवच बना लिया.

अधिकारियों ने कहा 'एक तेंदुए ने 5वीं क्लास के स्टूडेंट कुवारा पर तब हमला किया जब वह स्कूल से लौट रहा था. उसने



और एक दूसरे लड़के ने बहादुरी से चिल्लाकर व पत्थर मारकर उसका मुकाबला किया.'

शोर और बच्चों के तुरंत रिएक्शन से लोग अलर्ट हो गए और मौके पर दौड़े, जिससे तेंदुआ वापस जंगल में भाग गया. कुवारा के हाथ में पंजे में चोट लगी है और उसका अभी विक्रमगढ़ रूरल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है. एक मेडिकल ऑफिसर ने कहा कि लड़के को चोट पर टांके लगे हैं. कंचड़ के रेजिडेंट फॉरेस्ट ऑफिसर, स्वप्निल मोहिते ने बताया कि फॉरेस्ट अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और बाद में हॉस्पिटल ले गए जहां लड़के को ले जाया गया.


# पंकजा के PA की पत्नी ने की आत्महत्या

- 10 महीने पहले हुई थी शादी, जांच शुरू

मुंबई. महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और बीजेपी नेता पंकजा मुंडे के PA की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। बीती रात ये चौंकाने वाली घटना सामने आई है। महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और बीजेपी की वरिष्ठ नेता पंकजा मुंडे के निजी सहायक (पीए) अनंत गर्जे की पत्नी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है।

क्या है पूरा मामला?

घटना वर्ली थाना क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां की पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक महिला की पहचान डॉ गौरी अनंत गर्जे के रूप में हुई है। डॉ गौरी के परिजनों का आरोप है कि अनंत गर्जे का किसी बाहरी महिला से कथित अफेयर था, जिसके चलते गौरी मानसिक रूप से परेशान रहती



थीं। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को बयान भी दिया है। वर्ली पुलिस ने संदिग्ध हालात में मौत का मामला दर्ज कर दिया है और आगे की जांच जारी है।

घर पर लगाई फांसी

डॉक्टर गौरी पालवे ने वर्ली स्थित अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ ही महीने पहले विवाह हुआ था लेकिन गौरी ने शनिवार शाम 7 बजे यह कदम उठाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह आत्महत्या पारिवारिक विवाद के चलते हुई है। साथ ही गौरी पालवे के मायकेवालों ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों द्वारा परेशान किए जाने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इस घटना के बाद पंकजा मुंडे ने बीड में होने वाले अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वर्ली पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु (AD) दर्ज की है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए KEM अस्पताल भेजा गया है।

असली कारण क्या?

अनंत गर्जे और डॉक्टर गौरी पालवे का विवाह 7 फरवरी को बड़े धूमधाम से हुआ था। इस विवाह में पंकजा मुंडे और पूर्व सांसद प्रीतम मुंडे भी उपस्थित थीं। शादी को दस महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि गौरी की आत्महत्या ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। यह भी जानकारी सामने आई है कि अनंत गर्जे के विवाहेतर संबंध होने के कारण गौरी परेशान रहती थीं। इसी तनाव और अवसाद में उन्होंने आत्महत्या की होगी, ऐसा दावा किया जा रहा है।

गौरी पालवे मुंबई के KEM अस्पताल में कार्यरत थीं। शनिवार रात उन्होंने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद पंकजा मुंडे ने बीड के अपने सभी पूर्व नियोजित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही वर्ली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए KEM अस्पताल भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का सच स्पष्ट हो पाएगा, ऐसा कहा जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और परिजनों से पूछताछ भी की जा रही है। मामले की आगे जांच जारी है।

# CEC ज्ञानेश कुमार का फेक वीडियो शेयर करना पड़ा भारी

- केस दर्ज; अब ऐक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली.** केरल में मुख्य निर्वाचन आयुक्त का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने को लेकर केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को साइबर गश्त अभियानों के दौरान सीईसी का फर्जी वीडियो देखा गया, जिसके बाद तिरुवनंतपुरम सिटी साइबर पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह फर्जी वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर देखा गया, जिसमें आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के बारे में झूठी जानकारी फैलाई जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि इस फर्जी पोस्ट में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की एक फर्जी तस्वीर और वीडियो शामिल था। पुलिस को इस बात का संदेह है कि यह वीडियो अन्य सोशल मीडिया मंचों पर भी प्रसारित की गई होगी। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है । इन धाराओं के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी (पहचान की चोरी) भी जोड़ी गई है।

### फेक वीडियो और फोटो हटाए जा रहे

पुलिस ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों और केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को देखते हुए साइबर गश्त गतिविधियों को मजबूत कर दिया गया है। यह कदम फर्जी वीडियो और ऑनलाइन भ्रामक सामग्री के प्रसार की संभावना को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। इस पहल के तहत, हाल के दिनों में विभिन्न ऑनलाइन मंचों पर शेयर की जा रही फर्जी दुष्प्रचार फैलाने वाली कई तस्वीरों और वीडियो को हटा दिया गया है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती अनू भैरू खत्री सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 300 चौ.फुट, सामने बैरक नं. 560, लक्ष्मी सदन के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 24बीआय019964600) उक्त प्रॉपर्टी श्री रवि रामचंद नागराणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.8.2024 सी.नं. 1507 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती अनू भैरू खत्री**

### आम सूचना

मैं श्रीमती ज्ञानीकौर रंजतीसिंघ लबाणा सभी को सूचित कर रही हूं कि शाप नं. 213, 2रा माला, गोल्डन पार्क, हुकूमतराय अपार्टमेंट के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीआय007757400) उक्त प्रॉपर्टी श्री जरनैल सिंघ रंजीतसिंघ लबाणा व श्री रविंदरसिंघ रंजीतसिंघ लबाणा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 19.11.2025 सी.नं. 820 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती ज्ञानीकौर रंजतीसिंघ लबाणा**

### आम सूचना

हम श्रीमती ज्ञानीकौर रंजतीसिंघ लबाणा और अन्य दो जन सभी को सूचित कर रहे हैं कि आधा हिस्सा रुम नं. 4 (558 चौ फुट) अधिक जमीन रुम नं. 4 के साथ (812 चौ.फुट) बैरक नं. 692, सामने ईएसआयएस हास्पीटल, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 23बीआय017064400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ज्ञानीकौर रंजीत सिंघ लबाणा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 19.11.2025 सी.नं. 822 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती ज्ञानीकौर रंजतीसिंघ लबाणा**

और अन्य दो जन

### आम सूचना

मैं श्री टहलसिंघ मलकीत सिंघ सैनी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, 666.52.फुट, पंजाबी कालोनी, बैरक नं. 728 के पीछे, गीता किराना स्टोर के सामने, कविता मेडिकल के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ004483400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आशाराणी मलकीत सिंघ सैनी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 14.11.2025 सी.नं. 519 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री टहलसिंघ मलकीत सिंघ सैनी**

### आम सूचना

मैं श्री मोहिंदरसिंघ मलकीत सिंघ सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, 666.52.फुट, पंजाबी कालोनी, बैरक नं. 728 के पीछे, गीता किराना स्टोर के सामने, कविता मेडिकल के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ004483400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आशाराणी मलकीत सिंघ सैनी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 14.11.2025 सी.नं. 517 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री मोहिंदरसिंघ मलकीत सिंघ**

# शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता



- 38 मिनट में फाइनल अपने नाम किया
- जापान के युशी तनाका को हराया

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने जापान के युशी तनाका को 21-15, 21-11 से हराया। सिडनी के स्पोर्ट्स सेंटर में लक्ष्य ने यह मुकाबला सिर्फ 38 मिनट में अपने नाम कर लिया और जीत के बाद कानों पर उंगलियां रखकर जश्न मनाया।

24 साल के लक्ष्य उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले हैं। पेरिस ओलिंपिक में चौथा स्थान हासिल करने के बाद वे खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में उन्होंने शानदार वापसी की। सेमीफाइनल में उन्होंने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को मात दी थी।

- तनाका के खिलाफ एकतरफा जीत

विश्व रैंकिंग में नंबर-26 तनाका ने इस साल ऑरलियंस मास्टर्स और यूएस ओपन (दोनों सुपर 300) जीते थे। उनके खिलाफ लक्ष्य ने बेहतरीन कंट्रोल, सटीक प्लेसमेंट और साफ-सुथरा खेल दिखाया और मैच को सीधे गेम में समाप्त किया।

- लक्ष्य की शानदार शुरुआत

लक्ष्य ने शुरुआत से ही लय पकड़ ली और 6-3 की बढ़त बनाई। तनाका लगातार नेट, बैकलाइन और ओवरहिट शॉट्स की गलतियां करते रहे। 35 शॉट्स की लंबी रैली भी उनकी गलती पर खत्म हुई। ब्रेक तक लक्ष्य 11-8 से आगे थे। ब्रेक के बाद लक्ष्य का खेल और मजबूत हुआ। उनके बैकहैंड स्मैश और क्रॉस-कोर्ट विनर ने उन्हें 17-13 की बढ़त दिलाई।

# भाजपा बोली- मदनी मुसलमानों को गुमराह कर फायदा उठाता है

## मौलाना ने कहा था- हम लंदन-न्यूयॉर्क में मेयर बन सकते हैं, भारत में चांसलर नहीं

**नई दिल्ली.** बीजेपी ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के आरोपों को गलत बताया है। पार्टी नेता मोहसिन रजा ने सोमवार को कहा कि मदनी और उनका परिवार वर्षों से मुसलमानों को गुमराह करता आया है और भेदभाव की राजनीति करके सिर्फ अपना फायदा उठाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मदनी ने मुस्लिम समाज के नाम पर कई साल तक फायदे लिए, लेकिन समुदाय के लिए कोई काम नहीं किया। वहीं, बीजेपी नेता यासिर जिलानी ने कहा कि भारत मुसलमानों के लिए दुनिया की




सबसे सुरक्षित और अच्छी जगह है। हिंदू यहां उनके 'बड़े भाई' की तरह साथ खड़े हैं।

दरअसल, दिल्ली ब्लास्ट की जांच के बीच जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मोलाना अरशद मदनी ने मुसलमानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया था। उन्होंने शनिवार को कहा कि मुसलमान लंदन-न्यूयॉर्क में मेयर बन सकता है, लेकिन भारत में किसी यूनिवर्सिटी का चांसलर भी नहीं।

मदनी ने कहा था- मुसलमान कोशिश करेगा तो आजम-जवाद जैसे जेल जाएगा

मदनी ने कहा कि अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है, तो उसे सपा नेता आजम खान की तरह बेटे के साथ जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने आजम खान के साथ अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी का भी उदाहरण दिया, जो फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी में हैं।

### कांग्रेस, सपा ने मदनी के बयान का समर्थन किया

कांग्रेस नेता उदित राज ने अरशद मदनी के बयान का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगर अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े किसी व्यक्ति ने आतंक को बढ़ावा देने वाला काम किया है, तो उसकी सख्त जांच होनी चाहिए। आतंकवाद के लिए कोई माफी नहीं हो सकती।

# गोवा में रशियन महिलाओं के साथ शर्मनाक हरकत

- पुलिस पर ही लगे गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** गोवा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में है, और इस बार वजह बेहद शर्मनाक है। दो विदेशी महिलाओं, एक डीजे और एक अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर आरोप लगाया कि बुधवार आधी रात के आसपास नियमित निरीक्षण के दौरान गोवा पुलिस कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि नियमित चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

दरअसल, रूसी मूल की सेलिब्रिटी डीजे क्रिस्टीना और अभिनेत्री एवगेनिया बेल्सकिया ने सोशल मीडिया पर गोवा पुलिस के एक कथित पुरुष अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बुधवार देर रात सिओलिम से मोरजिम जाते वक्त नियमित चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी ने न सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, बल्कि उन्हें 'कुतिया' कहकर अपमानित किया और धमकाते हुए बोला- अपने देश चली जाओ, तुम अपने देश में नहीं हो।

- असभ्य व्यवहार

क्रिस्टीना (@Krispie_Kristina) ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए एक वीडियो में बताया कि गाड़ी एवगेनिया चला रही थीं। तभी एक पुलिस अधिकारी ने हमें रोक लिया और उनके साथ असभ्य व्यवहार किया। क्रिस्टीना ने यह भी सवाल किया कि महिलाओं को रोकने का अधिकार केवल महिला पुलिस अधिकारियों को ही है।

- हमें कुछ करना होगा

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि यह उसका पहला मौका नहीं लगा। वह ताकत के नशे में था। मैंने कई दोस्तों से सुना है कि गोवा में विदेशी महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार आम है। वहीं, क्रिस्टीना के साथ गाड़ी चला रही अभिनेत्री बेल्सकिया ने कहा, 'वह एक पुलिसवाला था, और मैंने उससे कुछ नहीं कहा... गोवा में पुलिस का व्यवहार बहुत बुरा है। हमें इसके बारे में कुछ करना होगा। अगर आप इसे बदलने में किसी भी तरह से मदद कर सकते हैं, तो मुझे जरूर बताएं।'

- पुलिस कर रही जांच

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को दोनों महिलाओं को मंड्रेम पुलिस स्टेशन बुलाया गया। उत्तरी गोवा के एसपी हरिश्चंद्र मडकाइकर ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि हम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान कर विभागीय कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

**संक्षेप...**

### ठाणे-बेलापुर रोड का 846 करोड़ का ओवरहॉल शुरू

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक साल के अंदर पूरी तरह से ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद के साथ, नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने ठाणे-बेलापुर रोड का 846 करोड़ का ओवरहॉल शुरू किया है, जो इस इलाके के सबसे ज़्यादा इस्तेमाल होने वाले ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में से एक है।

केंद्र सरकार के हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल के तहत किया गया यह अपग्रेड, सरकारी खर्च को डेफर्ड कॉन्ट्रैक्टर पेमेंट के साथ जोड़ेगा और इसमें तीन नए फ्लाईओवर के साथ-साथ आर्टेरियल हिस्से का पूरा रिकंस्ट्रक्शन भी शामिल है।

# फडणवीस बोले- पाकिस्तान भारत को हरा नहीं सकता

## इसलिए पहलगाम हमला, दिल्ली ब्लास्ट किया | 26/11 के बाद ऑपरेशन सिंदूर होता तो हिम्मत नहीं करता

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर 26/11 हमलों की 17वीं बरसी के मौके पर 'ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025' कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पाकिस्तान जानता है कि वह सीधे युद्ध में भारत को नहीं हरा सकता, इसलिए उसने पहलगाम आतंकी हमला और दिल्ली ब्लास्ट किया।

CM ने कहा- मुंबई में 26 नवंबर 2008 (26/11) को आतंकवादी हमला भारत की संप्रभुता पर हमला था। अगर तब हमने ऑपरेशन सिंदूर करने साहस दिखाया होता, तो आज कोई हम पर हमला करने की हिम्मत नहीं करता। लेकिन हमने उस समय वह साहस नहीं दिखाया।

फडणवीस ने आगे कहा- आतंकियों ने 2001 में 9/11 हमले के लिए अमेरिका के ट्विन टावर्स को चुना था। अमेरिका की ताकत ट्विन टावर्स में है। इसलिए, वहां हमला करके, उन्होंने अमेरिका की संप्रभुता को चुनौती दी थी। इसी तरह, भारत की संप्रभुता को चुनौती देने के लिए मुंबई को चुना गया था।

मुख्यमंत्री की पत्नी अमृता



फडणवीस ने गेटवे ऑफ इंडिया पर 'ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसमें रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी, बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और रणवीर सिंह, सिंगर शंकर महादेवन सहित कई दिग्गज शामिल हुए।

### भारत के कोने-कोने में धमाका करना चाहते थे आतंकी

- **मुख्यमंत्री ने कहा-** वे (आतंकी) भारत के कोने-कोने में बम विस्फोट करना चाहते थे। मुंबई समेत हमारे देश के कई शहर उनके निशाने पर थे। लेकिन जब हमारी भारतीय एजेंसियों को इसकी भनक लगी और उन्होंने उन पर सीधा हमला किया। इसके बौखलाए आतंकियों ने दिल्ली में धमाका कर दिया।
- **फडणवीस ने कहा-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि आतंक और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की आजादी दी है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुनिया ने भारत की ताकत देखी। भारत एक मजबूत देश है और जंग अभी खत्म नहीं हुई है।

फडणवीस ने कहा- मुंबई हमले के 17 साल बीत चुके हैं, फिर भी हमारे दिलों में दर्द है। आतंक का खतरा अभी भी बना हुआ है और हमें सतर्क रहने की जरूरत है। हमें अपने देश की आंख और कान बनना होगा और एक ही भाषा बोलनी होगी। अगर हम एकजुट हैं तो हम सुरक्षित हैं।

CM ने दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े व्हाइट टेरर मॉड्यूल मामले में 3,000 किलोग्राम विस्फोटक जब्त करने में कामयाब होने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की। फडणवीस ने कहा- आज हमारे पास एक बदला हुआ भारत है।

### 'आपला दवाखाना' कर्मियों की शेष सेलरी अंतत: उनके खाते में

**ठाणे.** ठाणे मनपा द्वारा शहर में 40 जगहों पर शुरू की गई आपला दवाखाना को बंद करने के बाद, इस क्लिनिक में काम करने वाले कर्मचारी और नर्स बेरोज़गार हो गए थे। उनकी तीन महीने की सैलरी भी बाकी थी।

विधायक केलकर ने मांग की थी कि मनपा कंपनी से सारा जुर्माना वसूले, कर्मचारियों की बकाया सैलरी दे और संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्ट करे। उन्होंने इस मामले पर फॉलोअप भी जारी रखा। आखिरकार, एडमिनिस्ट्रेशन ने तुरंत एक्शन शुरू किया और डॉक्टरों, नर्सों और दूसरे कर्मचारियों की बकाया तीन महीने की सैलरी उनके अकाउंट में जमा कर दी।

## वोटर लिस्ट से जुड़ी शिकायतें आयुक्त के पास करें

**मुंबई.** म्युनिसिपल चुनावों के लिए वोटर लिस्ट का वार्ड-वाइज़ बंटवारा मनपा प्रशासक,आयुक्त के लेवल पर कर दिया गया है और अगर इस बारे में कोई आपत्ति और सुझाव या कोई शिकायत है, तो उसे 27 नवंबर 2025 तक संबंधित म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में फाइल कर दें, ऐसी अपील राज्य चुनाव आयोग ने परिपत्र जारी कर की है.

गौरतलब हो कि,राज्य में 29 महानगर पालिका के चुनावों के लिए वोटर लिस्ट की नोटिफाइड तारीख 1 जुलाई 2025 है, और उस दिन मौजूद विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट का इस्तेमाल चुनावों के लिए किया जाएगा. ओरिजिनल वोटर लिस्ट चुनाव आयोग ने तैयार की है. इनका वार्ड-वाइज़ बंटवारा संबंधित म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के लेवल पर मनपा प्रशासक,आयुक्त की देखरेख में किया गया है. इसके अनुसार, 20 नवंबर 2025 को भिवंडी में वार्ड-वाइज़ ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित कर दी गई हैं. आप अपना नाम वेबसाइट https://mahasecvoterlist.in/ ObjectionOnClick/SearchName पर सर्च कर सकते हैं. 27 नवंबर 2025 तक ऑब्जेक्शन और सुझाव फाइल किए जा सकते हैं. वार्ड-वाइज इलेक्टोरल रोल तैयार करते समय, वोटर्स के नाम और पते इलेक्टोरल रोल में वैसे ही रखे जाते हैं जैसे असेंबली सीट की लिस्ट में होते हैं.वार्ड-वाइज इलेक्टोरल रोल में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने या नाम या पते सही करने के लिए कोई एक्शन नहीं लिया जाता है. प्रदेश चुनाव आयोग ने यह भी साफ किया है कि इलेक्टोरल रोल को वार्ड के हिसाब से बांटते समय लिखने वालों से हुई गलतियों के बारे में ऑब्जेक्शन और सुझाव; साथ ही वोटर का गलती से वार्ड बदल लेना, असेंबली लिस्ट में नाम होने के बावजूद वार्ड लिस्ट में नाम न होना वगैरह मनपा प्रशासक,आयुक्त के पास दर्ज कराए जा सकते हैं.

## प्रदूषण बढ़ने के बाद मुंबई में सख्ती

- **बीएमसी ने शुरू की कड़ी निगरानी**

ध्रुवराज नेटवर्क

मुंबई. सर्दियों की दस्तक के साथ मुंबई की हवा एक बार फिर खराब होने लगी है। सुबह उठते ही शहर के कई इलाकों में हल्की धुंध की चादर दिखी। सुबह मुंबई का AQI 128 दर्ज किया गया, जो साफ बताता है कि हवा में धूल और धुएं की मात्रा बढ़ गई है। ऐसे माहौल में अस्थमा के मरीजों, दिल की बीमारी से जूझ रहे लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

इसी बिगड़ती स्थिति को देखते हुए बीएमसी ने शहर में सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। हर वार्ड में उड़न दस्ते तैनात कर दिए गए हैं, जिनका काम है-प्रदूषण फैलाने वाली हर गतिविधि पर तुरंत रोक लगाना और नियम तोड़ने वालों पर बेझिझक कार्रवाई करना। शहर में बढ़ता प्रदूषण अब सिर्फ मौसम की परेशानी नहीं, बल्कि एक चेतावनी बन चुका है कि अगर हालात न सुधरे तो आने वाले दिनों में और कड़े कदम उठाने पड़ेंगे। PM 2.5 का स्तर 68 और PM 10 का स्तर 90 रहा, जो साफ दिखाता है कि हवा में महीन कणों की मात्रा बढ़ गई है। डॉक्टरों के मुताबिक, ऐसी हवा फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे लोगों, दिल के मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए परेशानी पैदा कर सकती है।

### प्रदूषण रोकने के लिए बीएमसी की सख्त तैयारी



बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए, बीएमसी ने हर वार्ड में खास उड़न दस्ते तैनात कर दिए हैं। ये टीमें तुरंत कार्रवाई करेंगी अगर कोई व्यक्ति या संस्था प्रदूषण-नियंत्रण नियमों का पालन नहीं करती। बीएमसी ने पहले ही 28 गाइडलाइन जारी की हैं ताकि सर्दियों में बढ़ने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। सिटी की एडिशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर डॉ. अश्विनी जोशी ने सभी टीमों को बिना किसी छूट कड़े नियम लागू करने के निर्देश दिए हैं।

## कामगार अस्पताल परिसर में शिवशांति प्रतिष्ठान ने किया स्वच्छता अभियान

**ठाणे.** शिवशांति प्रतिष्ठान ने आज कामगार अस्पताल में स्वच्छता कर कचरों के अंबार और जंगली घास फूस से परिसर को मुक्त किया।अस्पताल परिसर में लंबे समय से जमा कचरा और गंदगी को देखते हुए शिवशांति प्रतिष्ठान के संस्थापक एड. विनय कुमार सिंह के अगुवाई में यह स्वच्छता सफाई अभियान किया गया।इस अभियान में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और पूरे परिसर को स्वच्छ, सुंदर किया। इस कार्यक्रम में कामगार अस्पताल के वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. विजय मुगलिकर और आर.एम.ओ. डॉ. राजेश गोरे उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



## रोटरी क्लब द्वारा आयुष्यमान भारत कार्ड रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन



**उल्हासनगर.** रोटरी सर्विस सप्ताह के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर सपना गार्डन, रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर, ईस्ट क्लब, विठ्ठलवाडी तथा रोटरी क्लब ऑफ सिंधु नगर के सहयोग से शहर में जनहित के कई काम किए जा रहे है. इसी क्रम में रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर सपना गार्डन ने रविवार को आयुष्मान भारत कार्ड रजिस्ट्रेशन का शिबिर का आयोजन किया जिसका गरीब तबके के सैंकड़ों लोगों ने लाभ लिया. क्लब के पदाधिकारी गोरधन गोलानी, समन्वयक महेश सुखरमानी तथा कावेश आहूजा ने बताया कि उक्त कैंप स्थानीय यात्री निवास में रखा गया था. इस योजना के अंतर्गत गरीब लाख रुपए तक का इलाज प्रतिवर्ष मुफ्त करा सकता है. कैंप को कामयाब बनाने में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ कैलाश महेश सुखरमानी ने अथक परिश्रम किया.

## कॉलेज में नमाज अदा करने को लेकर बवाल

- **हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, छात्रों ने मांगी माफी**



**कल्याण.** कल्याण स्थित आइडियल कॉलेज में कुछ छात्रों ने खाली क्लासरूम में नमाज अदा की, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इस घटना से कॉलेज कैंपस में भारी तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस के साथ-साथ दक्षिणपंथी संगठनों का ध्यान भी इस ओर गया। हालांकि, किसी तरह की हिंसा की खबर नहीं है और स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे। उन्होंने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हिल लाइन पुलिस तुरंत कैंपस पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, फार्मेसी डिपार्टमेंट के कुछ छात्रों ने खाली पड़ी क्लासरूम में कुछ मिनट के लिए नमाज पढ़ी थी। एक शख्स ने बताया, 'छात्रों का इरादा कोई विवाद पैदा करना या किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था।' प्रशासन ने छात्रों को बुलाकर चर्चा की, जिसमें उन्होंने नमाज पढ़ने की बात स्वीकार की। उन्होंने कॉलेज प्रशासन और कार्यकर्ताओं से माफी मांग ली, ताकि गलतफहमी दूर हो सके।

कॉलेज प्रशासन ने दोहराया कि संस्थान के नियमों और अनुशासन का पालन सबसे ऊपर है। कॉलेज कैंपस में किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं है। भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इन छात्रों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने स्थिति पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद कुछ देर कैंपस की निगरानी की और फिर चली गई। मामला फिलहाल शांत बताया जा रहा है।

## स्टेट लेवल स्कूल रग्बी स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल में उद्घाटन

**ठाणे.** डायरेक्टरेट ऑफ़ स्पोर्ट्स एंड यूथ सर्विसेज़ महाराष्ट्र स्टेट पुणे, इंटरनल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स काउंसिल और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर ऑफिस ठाणे द्वारा आयोजित स्टेट लेवल स्कूल रग्बी स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन 2025-26 का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल में किया गया।इस कॉम्पिटिशन का उद्घाटन 22 नवंबर को उपायुक्त स्पोर्ट्स व उल्हासनगर मनपा स्नेहा करपे, सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर संतोष आव्हाड, इंटरनेशनल रग्बी प्लेयर सचिन म्हस्कर ने किया।इस अवसर पर सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल के एग्जीक्यूटिव हेड श्रीकांत गोरे, सेंचुरी रेयॉन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मिलिंद भंडारकर, बी.के. बिरला कॉलेज के प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट के डायरेक्टर, वाइस चांसलर डॉ. नरेश चंद्रा, सेंचुरी रेयॉन स्कूल की प्रिंसिपल वंदना बदाने, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर सुवर्णा बारटक्के सहित अन्य लोग मौजूद थे।इस कॉम्पिटिशन में महाराष्ट्र के आठ डिवीज़न से लड़के और लड़कियों की कुल सोलह टीमों ने हिस्सा लिया। इन टीमों में से लड़कियों के ग्रुप में लातूर डिवीज़न को पहला स्थान मिला, जबकि नागपुर और छत्रपति संभाजी नगर को दूसरा और तीसरा स्थान मिला। वहीं अंडर-14 लड़कों के ग्रुप में कोल्हापुर डिवीज़न को पहला स्थान मिला, जबकि लातूर और मुंबई डिवीज़न को दूसरा और तीसरा स्थान मिला।जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल के नए आइडिया से कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने वाले सभी आठ डिवीज़न के खिलाड़ियों को अच्छी क्वालिटी के ट्रैक सूट दिए गए। साथ ही कॉम्पिटिशन में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को मेडल और हर विजेता को एक स्मार्ट वॉच दी गई।यह कॉम्पिटिशन बहुत जोश और मज़ेदार माहौल में हुआ। इस कॉम्पिटिशन के लिए जिलाधिकारी डॉ. पांचाल और सेंचुरी रेयॉन हाई स्कूल का कीमती गाइडेंस और सहयोग मिला।




## ठाणे क्रिकेट के 'डेवलपमेंट' के लिए

# MCA हर मुमकिन मदद देगा -अजिंक्य नाईक

- **सेंटेनरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी खत्म हुई**

**ठाणे.** भविष्य में ठाणे एक ऐसी फैक्ट्री बनेगा जो नेशनल और इंटरनेशनल लेवल के क्रिकेटर तैयार करेगी। स्पोर्टिंग क्लब कमेटी को उस काम में जो भी मदद चाहिए होगी एमसीए देगा यह बात मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाईक ने पक्का भरोसा दिया।स्पोर्टिंग क्लब कमेटी के नए बने ड्रेसिंग रूम, इनडोर क्रिकेट एकेडमी और अंडर-14 सेंटेनरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट के प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन का उद्घाटन अजिंक्य नाईक और कई लोगों ने किया।एमसीए सेक्रेटरी डॉ. उन्मेष खानविलकर, एग्जीक्यूटिव मेंबर विग्नेश कदम, संदीप विचारे, प्रमोद यादव, भरत किनी, कौशिक गोडबोले, पूर्व सेक्रेटरी अभय हड़प, स्पोर्टिंग क्लब कमेटी के प्रेसिडेंट विलास जोशी, ट्रेजरर जितेंद्र मेहता, जॉइंट सेक्रेटरी श्रवण तावड़े, जॉइंट सेक्रेटरी सतीश नाचने, श्रीधर मंडले, संतोष जगताप, मनीष बंगेरा, सुनील कुलकर्णी, अजीम खान, एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रशांत गवांड, अतुल फांसे और दूसरे गणमान्य लोग मौजूद थे।इस मौके पर, अजिंक्य नाईक ने कहा स्पोर्टिंग क्लब कमेटी के सेक्रेटरी और एमसीए एग्जीक्यूटिव मेंबर विकास रेपाले की लीडरशिप में स्पोर्टिंग क्लब के 'डेवलपमेंट' की स्पीड की तारीफ की। अजिंक्य नाइक ने कहा, हमारी पिछली कमेटी ने एमसीए में 30 साल का काम 3 साल में किया है। विकास रेपाले की लीडरशिप में स्पोर्टिंग क्लब की नई कमेटी भी डेवलपमेंट की स्पीड पकड़ रही है। ग्राउंड क्लब क्रिकेटरों को डेवलप करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए एमसीए इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर ज़रूरी मदद देने को तैयार है। पिछले कई सालों से ठाणे से क्रिकेटर डेवलप हो रहे हैं। पिछले छह सालों में ठाणे में क्रिकेट का अच्छा रंग देखने को मिला है।नाईक ने कहा कि आने वाले सालों में ठाणे डेवलप हो रहे क्रिकेटरों की फैक्ट्री बन जाएगा।हमेशा अपने माता-पिता और कोच का सम्मान करें।यूनियन क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्टिंग क्लब कमेटी द्वारा आयोजित अंडर-14 सेंटेनियल कप क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार तीन साल खिताब जीता है। जबकि यूनाइटेड क्रिकेट क्लब एसोसिएशन रनर-अप टीम बनी है।

## नेहा कक्कड़ का एयरपोर्ट लुक देख चकराए लोग



बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ अपने गानों की वजह से अपने चाहने वालों के दिलों पर राज करती हैं। अपने करियर में नेहा ने कई सुपरहिट गाने दिए हैं। वो अपनी सिंगिंग के अलावा अपने फैशन सेंस और डिफरेंट स्टाइलिंग के लिए भी जानी जाती हैं। कई बार नेहा को अपने इसी ड्रेसिंग सेंस की वजह से जमकर ट्रोल भी किया जाता है। ऐसे में अब उनका एक नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नेहा का ड्रेसिंग सेंस देख लोगों का दिमाग घूम गया।

**टी-शर्ट के ऊपर पहनी ब्रा**

दरअसल, नेहा कक्कड़ हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। ऐसे में उनका एयरपोर्ट लुक देखने लायक था। नेहा को देखकर पैप्स ने उन्हें अपने कैमरे में कैद करने का मौका जाने नहीं दिया। नेहा के लुक की बात करें तो उन्होंने ग्रे कलर का लूज पैंट और मैचिंग टॉप कैरी किया था। लेकिन इसके साथ नेहा ने टॉप के ऊपर ब्लैक कलर की ब्रा पहनी है। उनके इस लुक को देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। वहीं, नेहा पैप्स को जमकर पोज देती नजर आ रही हैं।

नेहा कक्कड़ का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस पर कमेंट कर यूजर्स अपने रिएक्शन देते नजर आ रहे हैं। वहीं, ज्यादातर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर उन्हें जमकर खरी खोटी सुना रहे हैं। एक यूजर ने इस पर कमेंट कर लिखा, 'दिन पर दिन इसका दिमाग खराब होता जा रहा है।' एक दूसरा यूजर लिखता है, 'ये कौन सा नया फैशन आ गया है कि ब्रा ऊपर पहना जा रहा।' एक ने लिखा, 'मैम आप गलती से अंदर का बाहर तो नहीं पहन ली हैं।' ऐसे कई और कमेंट्स इस वीडियो पर आ रहे हैं।

## दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

- **दो अन्य गंभीर रूप से घायल**

**पनवेल.** पनवेल शहर में दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे के पास उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार एक्सयूवी-700 कार ने आगे चल रहे एक कंटेनर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। कार में कुल पांच लोग सवार थे। इनमें से दो लोगों- श्रीनाथ और हितेंद्र को बेहद गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। बाकी दो घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।


पुलिस के अनुसार, कार चालक बहुत तेज गति से गाड़ी चला रहा था और लापरवाही भी बरत रहा था। इसी कारण उसका वाहन पर काबू नहीं रहा और यह भयानक टक्कर हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चालक ने सुरक्षित दूरी भी नहीं रखी थी। हादसे की सूचना मिलते ही पनवेल सिटी पुलिस और हाईवे ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। क्षत-विक्षत कार को क्रेन की मदद से हटवाया गया और यातायात को बहाल किया गया।



मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पनवेल पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099